एग्री आर्टिकल्स
(कृषि लेखों के लिए ई-पत्रिका)
वर्ष: 02, अंक: 02 (मार्च-अप्रैल, 2022)
www.agriarticles.com पर ऑनलाइन उपलब्ध
© एग्री आर्टिकल्स, आई. एस. एस. एन.: 2582-9882

अप्रैल-मई माह के प्रमुख कृषि कार्य

(*महेन्द्र कुमार सारण, आराधना सागवाल एवं पंकज यादव)
पादप रोग विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
* saranmk862@hau.ac.in

अप्रैल माह के कृषि कार्य

- रबी की फसलों की कटाई का कार्य समय पर करें।
- उचित मात्रा मे पोषक तत्व प्रयोग हेतु खेत की मिट्टी को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला मे भिजवाये।
- मिर्च-टमाटर की तैयार पौध की रोपाई करें।
- कद्दूवर्गीय सब्जियो में फल मक्खी से रोकथाम हेतु फूल आने के बाद एमिडाक्लोप्रीड 17.8 एस.एल., 0.3 एम.एल. प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- थ्रेसर में कार्य करते समय दुर्घटना से बचाव हेतु कसे कपड़े पहने।
- अनाज भंडारण हेतु उन्नत कोठियों का प्रयोग करें।
- अनाज की सफाई ग्रेडिंग हेतु लटकाने वाला अनाज छजन व अनाज ग्रेडिंग मशीन उपयोग में लें।
- गेहूं की कटाई ठीक समय पर करें।
- पशुओं को गर्मी मे आने पर ठीक समय (10-18 घंटे के बाद) पर गर्भाधान करायें।
- छोटे बछड़ियों, बछड़े व कटड़े-कटडियों को पेट के कीड़े मारने की दवाई देते रहें।
- कूमट से गोंद उत्पादन के लिए पोधे मे ईथेफोन टीके लगाने का कार्य करें।

मई माह के कृषि कार्य

- बेर के पौधे में कटाई-छटाई का कार्य करें।
- फलदार पौधों (अनार, खजूर, गुन्दा, नींबू) की आवश्यकतानुसार सिंचाई करें व गर्म हवा से बचाएं।
- पपीते की नर्सरी तैयार करें व 5-7 से.मी. ऊँची पौध को पॉलीथिन की थैली में बदलें।
- वर्षा जल संग्रहण हेतु प्लास्टिक रेखिय जलकुंड का निर्माण करें।
- पशुओं मे नांद (मेन्जर) आवश्यक रूप से बनायें।
- पशुओं व बकरियों में एन्थ्रेक्स रोग, गलघोटू रोग व लगड़ा बुखार रोग से बचाव हेतु टीका लगवायें।
- खाली खेतों में गर्मी में गहरी जुताई करें।
- भू एवं जल संरक्षण हेतु मेड़बंदी एवं अन्य कार्य करें।
- मौसम के पूर्वानुमान संबन्धित जानकारी हेतु कृषि विज्ञान केंद्र पर संपर्क करें।